मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या—cm-560
15/12/2022

# लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की पुण्य तिथि पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई

पटना, 15 दिसम्बर 2022 :— लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की पुण्य तिथि पर राजकीय समारोह का आयोजन पटेल चौक, चितकोहरा पुल के निकट सरदार वल्लभ भाई पटेल प्रतिमा प्रांगण में किया गया। राज्यपाल श्री फागू चौहान एवं मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने स्व0 सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर बिहार विधान परिषद् के सभापति श्री देवेशचन्द्र ठाकुर, उप मुख्यमंत्री श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, ग्रामीण विकास मंत्री श्री श्रवण कुमार, भवन निर्माण मंत्री श्री अशोक चौधरी, जल संसाधन सह सूचना एवं जन—सम्पर्क मंत्री श्री संजय कुमार झा, परिवहन मंत्री श्रीमती शीला कुमारी, विधि मंत्री श्री शमीम अहमद, विधान पार्षद श्री संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, विधान पार्षद श्रीमती कुमुद वर्मा, बिहार राज्य नागरिक परिषद् के पूर्व महासचिव श्री अरविन्द कुमार सिंह सहित अनेक सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने स्व0 सरदार वल्लभ भाई पटेल की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर सूचना एवं जन—सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती पूजन, भजन, कीर्तन, बिहार गीत एवं देशभक्ति गीत के कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये और उनके व्यक्तित्व, कृतित्व तथा राष्ट्र निर्माण में उनके द्वारा दी गई त्याग, बलिदान को याद करते हुये उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।

कार्यक्रम के पश्चात् पत्रकारों से बात करते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि पंडित जवाहर लाल नेहरु जी की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम तो होता ही है, हमलोगों ने सोचा कि उसी तरह सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की भी पुण्यतिथि मनायी जानी चाहिए, इसलिए यह पुण्यतिथि मनायी जा रही है। सरदार वल्लभ भाई पटेल जी ने आजादी की लड़ाई में इतनी बड़ी भूमिका निभायी हैं, इन्होंने देश को एकजुट किया था, इनके प्रति हमलोगों के मन में बहुत सम्मान है। जितने लोग अलग—अलग थे उन सबलोगों से इन्होंने ही बात किया था, उसके बाद सभी लोग एकजुट होकर आजादी की लड़ाई लड़े थे। आजादी की लड़ाई में उनकी बहुत बड़ी भूमिका थी।

सारण जिला में जहरीली शराब से हुई मौत मामले पर पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में शराबबंदी का कानून लागू किया गया है। हर बार सबलोगों को हमलोगों ने जानकारी दी कि बापू ने क्या कहा है। पूरी दुनिया से जो रिसर्च की रिपोर्ट आयी थी उसको भी हमने सबके घर पर भेज दिया है, कि शराब कितनी बुरी चीज है, इसे पीने से कितने लोगों की मौत होती है। जहरीली शराब से देशभर में लोग शुरु से मरते हैं। जब बिहार में शराबबंदी नहीं थी, तब भी जहरीली शराब से लोग मरते थे। अन्य राज्यों में भी जहरीली शराब से लोग मरते हैं। शराबबंदी लागू करने के समय वर्ष 2016 में ही जहरीली शराब पर बातें हुई थी, उसके बाद हमलोगों ने ऐक्शन लिया था। लोगों को जहरीली शराब से सचेत रहना चाहिए। यहां शराबबंदी है, कुछ लोग गड़बड़ शराब बेचते हैं, जिससे लोगों की मौत हो जाती है। इसलिए सभी को याद रखना है कि शराब नहीं पीना है, शराब बहुत बुरी

चीज है लेकिन फिर भी कुछ लोग पीते हैं। ज्यादातर लोगों ने शराबबंदी के पक्ष में अपनी सहमति दी है। कुछ लोग ऐसी गलती करते ही रहते हैं। पिछली बार भी जहरीली शराब पीने से कई लोगों की मौत हो गई थी, तो कुछ लोगों ने कहा था इनको कंपनशेसन मिलना चाहिए। जो शराब पीएगा वो तो मरेगा ही ये उदाहरण तो आपके सामने है। इसके बारे में तो दुख प्रकट करना चाहिए और उन जगहों पर जाकर समझाना चाहिए। हमलोगों ने समाज सुधार अभियान चलाया और उसको निरंतर जारी रखे हुए हैं। लोगों को समझाइये, बताइये कि शराब खराब चीज है। आज भी बहुत लोग पकड़े जाते हैं। हमने अपने अधिकारियों से कहा है कि गरीब गुरबा को मत पकड़िए, जो शराब बेचता है, जो शराब का धंधा करता है उसको पकड़िए। गरीब गुरबा लोगों से हम कहेंगे कि ऐसे कामों में न लगें वो अपना अलग काम करें, इसके लिए हमलोग एक लाख रुपया देने के लिए तैयार हैं। जरुरत पड़ेगी तो राशि को और बढ़ाएंगे लेकिन कभी किसी को इस धंधा में नहीं लगना चाहिए। हमने शराबबंदी बिहार की महिलाओं के कहने पर लागू किया है। महिला और पुरुष शराबबंदी को लेकर काफी सक्रिय रहते हैं। शराबबंदी के समय हमने कहा था कि पटना में शराबबंदी कुछ दिनों के बाद लागू करेंगे। इसको लेकर बड़ी संख्या में लोगों ने प्रदर्शन किया। पांच दिन के अंदर ही हमलोगों ने वर्ष 2016 में पूर्ण शराबबंदी लागू कर दिया था। शराबबंदी के क्रियान्वयन को लेकर समय–समय पर समीक्षा की जाती है, दोषी लोगों पर ऐक्शन लिया जाता है, कार्रवाई की जाती है। कार्रवाई करनेवालों को हम हमेशा कहते हैं कि जो असली गड़बड़ी करनेवाला है उसको पकड़ना है। हम तो सारे लोगों से कहते हैं कि इसको देखते रहिए। कितनी खराब बात है कि इतने लोगों की जहरीली शराब से मौत हुई है। इस घटना की जांचकर दोषियों पर ऐक्शन लिया जायेगा। इस तरह की घटना को सभी देख रहे हैं उसके बाद भी लोगों को समझाना है कि अगर शराब पीते हैं, तो क्या अंजाम होता है। कल कुछ लोग बोल रहे थे तो हमने कहा कि आपलोगों ने भी शराबबंदी के पक्ष में नारा लगाया था। अगर शराब पीकर कहीं कोई मर जाता है तो यह दुखद है, इस बात को सबको समझाना चाहिए। मृतकों के परिजनों को पैसा दीजिए, कहीं–कहीं से ऐसा बयान देख रहे हैं। दिल्ली में भी हाउस में कुछ लोग कह रहे हैं कि बिहार में शराबबंदी अब बेकार हो गया है। सारे दलों के लोगों ने मिलकर शराबबंदी के पक्ष में शपथ लिया था, फिर लोग कैसे कुछ कह रहे हैं। समाज में आप कितना भी कुछ काम कीजिएगा कुछ न कुछ तो गड़बड़ करेगा ही। क्राइम को रोकने के लिए कितना पहले से कानून बना हुआ है तब भी हत्या हो रही है।

विपक्ष द्वारा शराबबंदी मामले पर राजनीति किए जाने के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि वो गलत कर रहे हैं। आप सोच लीजिए ये राजनीति है, ये तो बुरी चीज है। भाजपा कह रही है शराबबंदी कानून से कुछ फायदा नहीं है। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि शराबबंदी कानून से बहुत लोगों को फायदा हो रहा है। कितनी बड़ी संख्या में लोगों ने शराब पीना छोड़ दिया है। सब्जी, फल वगैरह की बड़े पैमाने पर बिक्री हो रही है। गरीब गुरबा तबके के लोग अब अपने बच्चों को पढ़ाने–लिखाने लगे हैं। घर की महिलाएं क्या–क्या कहती हैं कि उनके पति जब शराब पीते थे तो झंझट करते थे। शराबबंदी कानून जब लागू हुआ तो शराब पीना छोड़ दिए, अपने परिवार में बहुत खुशी के साथ रहने लगे हैं। बच्चों को पढ़ाते हैं, बाहर से सामान खरीदकर लाने लगे हैं।

शराबकांड में आरोपियों पर कार्रवाई होने को लेकर पूछे गए सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरी तरह से आरोपियों पर ऐक्शन लिया जाएगा। हमने इसमें कहा है कि जो गड़बड़ कर रहा है उसको आइडेंटिफाई करके उसको पकड़िए। अगर किसी के बहकावे में आकर कोई कुछ करता है तो उसको समझाना है। उसको कहना है कि इस काम को मत कीजिए, अच्छा काम कीजिए उसके लिए हम आपकी मदद करना चाह रहे हैं, ये सब हमलोगों की इच्छा है। वर्ष 2015 में महिलाओं ने शराबबंदी की जब मांग की, तो हमने कहा था कि अगली बार सरकार में आयेंगे तो शराबबंदी कानून लागू करेंगे। इस पर सबलोगों ने समर्थन दिया

था। इस अभियान में लगे रहना चाहिए, अभियान चलाते रहना चाहिए, लोगों को समझाना चाहिए कि शराब बुरी चीज है, मत पीजिए। विपक्ष के जो लोग बोलते हैं कि जहरीली शराब से लोग मरे तो उनसे पूछिए कि आपका जहां–जहां शासन है वहां कितनी जहरीली शराब से लोग मर रहे हैं। इस पर कुछ नहीं बोलते हैं। पहले एक–एक चीज छपता था। आजकल सब जगह जो गंदगी हो रही है वो नहीं छप रहा है। उसका क्या कीजिएगा, इसमें आपलोगों का कोई दोष नहीं है। आपलोग हमसे पूछकर एक–दो बार भले चला दीजिएगा, लेकिन असली चीज तो है कि सब चीज को बैन कर दिया जाता है। इसलिए लोगों तक सही बात पहुंचती नहीं है।

******